जनता की आवाज, जनता का आदेश

# राष्ट्रीय जनादेश

janadesh2012@gmail.com www.rashtriyajanadesh.com

बैतूल, गुरूवार 12 फरवरी 2026 » वर्ष-29 » अंक-23 » आर.एन.आई.नं. 69078/98 » पृष्ठ -06 » मूल्य-2 रू.







# सिर्फ समीक्षा से काम नहीं चलेगा माननीय, पूर्व में दिए गए निर्देशों का भी लें फीडबैक

## जनप्रतिनिधियों को लगातार गुमराह कर रही जिले की अफसरशाही

## जिले में आगे पाट-पीछे सपाट की तर्ज पर होती है समीक्षा

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। जिले में बुधवार को एक बार फिर जनप्रतिनिधियों ने समीक्षा बैठक ली। यह बात अलग है कि जिले में जो समीक्षा बैठकें होती हैं, वह समीक्षा बैठक कम, जनप्रतिनिधियों का अपना आभामंडल दिखाने का प्रयास ज्यादा होता है। समीक्षा के नाम पर यहां आगे पाट, पीछे सपाट की कहावत चरितार्थ होती है। इन बैठकों में जनप्रतिनिधि पिछली बैठकों में खुद अपने ही द्वारा दिए गए निर्देशों का न तो फीडबैक लेते हैं और न उस बारे में कोई जवाब तलब करते हैं। इसके उलट वे केवल वे निर्देश जारी करने की रस्म अदायगी भर करते हैं, जिनसे अफसर पहले से ही वाकिफ होते हैं। आज की बैठक में भी यही सब कुछ हुआ। इसके इतर बैठक में जनप्रतिनिधियों ने एक सुर में जिले में लगातार बिगड़ रही कानून-व्यवस्था को लेकर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए इसकी किसी भी कीमत पर पुनरावृत्ति न हो, इस बात के लिए पुलिस अफसरों को निर्देशित किया।**



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज हुई बैठक में विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, विधायक भैंसदेही महेंद्र सिंह चौहान, विधायक मुलताई चंद्रशेखर देशमुख, विधायक आमला डॉ. योगेश पंडाग्रे, विधायक घोड़ाडोंगरी श्रीमती गंगाबाई उईके ने कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी और पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन की मौजूदगी में जिले भर के अफसरों की बैठक ली। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर तो चर्चा हुई, लेकिन जो निर्देश पिछली बैठक में दिए गए थे, उन पर अमल हुआ या नहीं, यह पूछना तक मुनासिब नहीं समझा। ऐसा ही एक खास निर्देश 3 नवंबर को ली गई समीक्षा बैठक में जनप्रतिनिधियों ने दिया था। दूसरी ओर जिले की अफसरशाही भी जनप्रतिनिधियों को गुमराह करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है।

### तीन महीने बाद भी ट्रेंचिंग ग्राउंड की जांच रिपोर्ट का अता-पता नहीं

3 नवंबर 2025 को हुई बैठक में जिले भर के जनप्रतिनिधियों ने बैतूल के ट्रेंचिंग ग्राउंड पर ठेकेदार की कार्यप्रणाली को लेकर जमकर शेष पेज 2 पर..

# पद, प्राण और पैसा इनका कोई भरोसा नहीं



***यदि इंसान पद और पैसे का अहंकार ना पाले तो वह बड़ी ऊंचाईयों को छूता है। पद-प्राण और पैसा इनका कोई भरोसा नहीं है। इस टैग लाइन का एहसास एक विवाह समारोह में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने हंसी-मजाक के बीच कराया। भले ही माहौल हंसी-मजाक और वैवाहिक समारोह का था लेकिन बात 100 नहीं बल्कि लाख टके की कही गई थी।***

*अक्सर कहा जाता है कि सृष्टि के रचियता ने जब इंसान को बनाया तो उसने दुनिया को चलाने के लिए इंसान में अहंकार का प्रवेश करा दिया था ताकि दुनिया चलती रहे। अहंकार की खासियत यह होती है कि वह इंसान को अपने प्रवेश का पता ही नहीं चलने देता है। लेकिन अहंकार जब उसका बिगाड़ करके काफी आगे निकल जाता है तो मनुष्य को एहसास होता है कि अहंकार के चलते मेरा बड़ा नुकसान हो गया है। अहंकार पनपने का मुख्य कारण आम तौर पर पैसा और पद होता है लेकिन कई बार इंसान को खुद के इंसान होने का भी गुमान हो जाता है जिसके चलते इंसान यह भूल जाता है कि समाज में उसकी जो पूछ परख हो रही है वह उसकी नहीं बल्कि उसके पद और पैसे की है।*

मेरा नजरिया...

**मयूर भार्गव**

*अनौपचारिक चर्चा के दौरान अहंकार के नुकसान से शुरू हुई बातचीत पद-पैसा और प्राण पर आकर टिक गई थी। इस दौरान शहर के कई गणमान्य व्यक्ति और जनप्रतिनिधि भी आकर श्री खण्डेलवाल से मिल रहे थे। हेमंत भैय्या का कहना था कि पद और पैसा आदमी के अहंकार को बढ़ाता है। जबकि पद-पैसा और प्राण इन तीनों चीजों का कभी भी भरोसा नहीं किया जा सकता है। मैं खुद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनने के बाद यह मानकर चलता हूं कि मैं जब तक इस पद पर हूं तब तक मेरे चारों तरफ एक आभा मंडल बना हुआ है और मेरी जो भी पूछ परख है वह पद के कारण है। इसलिए मैंने इस पद का बिल्कुल भी अहंकार नहीं रखा है। मेरा फोकस संबंधों को प्राथमिकता और लोगों के सुख-दुख में सहभागिता पर रहता है।*

*हेमंत खण्डेलवाल के आचरण में सादगी भरपूर बढ़ गई है और जब राजनैतिक दल के संगठन के शीर्ष पर बैठा व्यक्ति सादगी को अपने आचरण में उतारता है तो उसके दूरगामी परिणाम होते हैं। वैवाहिक समारोह में लगभग 2 घंटे तक चले इस सेशन में हेमंत खण्डेलवाल की साधारण जीवन शैली, सीमित संसाधनों का उपयोग और बिना किसी लागलपेट के अपने लोगों के साथ हंसी-मजाक और संवाद सहित आम कार्यकर्ताओं से सहज मुलाकात उनके व्यक्तित्व को स्पेशल भी बना रहा था।*

*श्री खण्डेलवाल ने अहंकार और पद का गुमान कहीं झलकने ही नहीं दिया। ऐसा नहीं है कि यह कोई पहला मौका था जब उनकी सादगी और सहजता का सार्वजनिक प्रदर्शन हुआ है। वाक्या इसलिए महत्वपूर्ण हो गया क्योंकि उन्होंने हंसी-मजाक में जो पद-प्राण और पैसा पर भरोसा कभी नहीं करने की गहरी बात कही उसने पूरी चर्चा को महत्वपूर्ण बना दिया। उनका साफ मानना था कि राजनैतिक संगठन के शीर्ष पर बैठा व्यक्ति केवल सत्ता का प्रतीक नहीं होता बल्कि वह संगठन के संस्कृति और मूल्यों का भी प्रतिनिधि होता है और जब नेता स्वयं सादगी को अपने आचरण में उतारता है और अहंकार से दूर रहता है तो उसके दूरगामी प्रभाव दिखाई देते हैं। सादगी नेतृत्व को जन सामान्य से सीधा जोड़ती है और यह संदेश भी देती है कि पद जरूर बड़ा हो सकता है लेकिन यदि व्यक्ति चाहे तो वह बड़े पद और पैसे वाला होने के बाद भी जमीन से जुड़ा रह सकता है। ऐसी सादगी संगठन में पारदर्शिता और नैतिकता की प्रेरणा भी दे रही है।*

***वैवाहिक कार्यक्रम में पद-पैसा और प्राण को लेकर हंसी-मजाक में हुई इस गंभीर चर्चा ने हेमंत खण्डेलवाल के व्यक्तित्व को भी उजागर करने का काम किया है कि जब पेड़ फलों से लदा रहता है तो वह स्वयं ही झुक जाता है। इतने बड़े पद पर पहुंचने के बाद भी अगर श्री खण्डेलवाल के जहन में यह बात है तो यकीन मानिए उनकी लोकप्रियता, राजनैतिक ऊंचाईयों को छूने का सिलसिला निरंतर बढ़ता ही रहेगा, क्योंकि उन्होंने सब कुछ होने के बाद भी अहंकार को अपने भीतर प्रवेश ही नहीं होने दिया है और पद-पैसा और प्राण का कभी भरोसा नहीं करने की टैग लाइन को भी आत्मसात किया हुआ है।***

# तीसरे दिन भी 275 रुपए कम हुए सोयाबीन के दाम

## तीन दिन में 800 रूपए प्रति क्विंटल कम हुए भाव

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** इस सप्ताह में सोयाबीन के दाम कम होने का सिलसिला तीसरे दिन भी जारी रहा। कृषि उपज मंडी बैतूल में पिछले दो दिनों में सोयाबीन के प्रचलित दाम सवा पांच सौ रूपए प्रति क्विंटल कम होने के बाद बुधवार को भी 275 रूपए प्रति क्विंटल कम होकर 4800 रूपए प्रति क्विंटल पर आ गए है। इस सप्ताह के शुरूवाती तीन दिनों में ही सोयाबीन के प्रचलित दाम 800 रूपए प्रति क्विंटल और अधिकतम दाम 750 रूपए प्रति क्विंटल कम हो गए है। सोयाबीन के दाम लगातार कम होने से व्यापारियों में हड़कंप है। पिछले सप्ताह शेष पेज 2 पर..

**पिछले तीन दिनों में सोयाबीन के दाम और गिरावट**

| दिनांक | आवक | न्यूनतम.दाम | अधिकतम दाम | प्रचलित दाम | प्रति क्विंटल गिरावट |
|---|---|---|---|---|---|
| 7 फरवरी | 895 क्वि. | 5050 | 5850 | 5600 | |
| 9 फरवरी | 3165 क्वि. | 4500 | 5701 | 5350 | 250 |
| 10 फरवरी | 1913 क्वि. | 4200 | 5426 | 5075 | 275 |
| 11 फरवरी | 2022 क्वि. | 4200 | 5099 | 4800 | 275 |

# स्वच्छ सर्वेक्षण में अब ज्यादा शहरों से होगा मुकाबला, बदले मापदंड

## अप्रैल माह से शुरू होगा जमीनी निरीक्षण, कमियां बनेंगी रैंकिंग में बाधा

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** वर्ष 2025 के लिए होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए जमीनी निरीक्षण अप्रैल माह से शुरू होगा। इस बार अच्छी रैंकिंग पाने में और भी ज्यादा परेशानी का सामना बैतूल शहर को करना होगा। इसकी वजह यह है कि आबादी का दायरा बढ़ा दिया गया है, जिससे अब बैतूल को ज्यादा बड़े शहरों के साथ मुकाबला करना होगा। इसके अलावा शहर की कमियां भी अच्छी रैंकिंग में बाधा बनेंगी।

उल्लेखनीय है कि स्वच्छ सर्वेक्षण का कार्य एक साल पीछे चल रहा है। अभी तक वर्ष 2025 का सर्वेक्षण ही नहीं हो पाया है। अब निर्देश आए हैं कि अप्रैल महीने से सर्वेक्षण के लिए जमीनी निरीक्षण शुरू होगा। इस बार अच्छी रैंकिंग पाना और भी चुनौती पूर्ण होगा। इसकी वजह यह है कि सर्वेक्षण के लिए कई मापदंड बदल दिए गए हैं। पहले बैतूल शहर का मुकाबला 50 हजार से 3 लाख तक की आबादी वाले शहरों के साथ होता था, लेकिन इस बार बैतूल शहर का मुकाबला 1 से 10 लाख की आबादी वाले शहरों से होगा। जाहिर है कि आबादी बढ़ने से अब उन बड़े शहरों से भी मुकाबला करना होगा, जिनसे अभी तक नहीं करना होता था। बड़े शहरों में संसाधन और सुविधाएं भी ज्यादा होती हैं। यही कारण है कि इस साल शेष पेज 2 पर..

# लिफ्ट शुरू हुए बिना फर्स्ट फ्लोर में शिफ्ट कर दिया आर्थोपेडिक वार्ड

## रैम्प से जाने को मजबूर हैं हाथ-पैर फ्रैक्चर वाले मरीज




**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** जिला अस्पताल परिसर में हाल ही में लगभग 19 करोड़ रूपए की लागत से बने पीएम अभीम क्रिटिकल केयर ब्लॉक में लगभग दो माह पूर्व आर्थोपेडिक ओपीडी और वार्ड शिफ्ट कर दिया गया है। ओपीडी तो ग्राउंड फ्लोर पर ही है लेकिन वार्ड फर्स्ट फ्लोर में है जिसमें हाथ पैर फ्रेक्चर होने वाले मरीजों के साथ ही हड्डी रोग से पीड़ित मरीजों को भर्ती किया गया है। अस्पताल शुरू होने को एक माह से अधिक का समय बीत गया हैं इसके बावजूद अस्पताल में लगी लिफ्ट शुरू नहीं हुई है। जिससे इस वार्ड में एडमिट होने वाले मरीजों को बेहद परेशानी उठानी पड़ रही है। मरीजों के परिजनों को रैम्प से स्ट्रेचर धकाते हुए फर्स्ट फ्लोर पर ले जाना शेष पेज 2 पर..

कार्टून कोना




# आमला टीआई ठाकुर निलंबित, दो थाना प्रभारी भी बदले गए

*बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। पिछले दिनों मोहदा थाना क्षेत्र के दामजीपुरा में हुए साम्प्रदायिक तनाव के बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा 3 फरवरी को मोहदा थाना प्रभारी के किए गए तबादले को 8 दिन बाद ही बदल दिया गया है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन द्वारा जारी किए गए आदेश में मोहदा थाना प्रभारी बनाए गए निरीक्षक रविकांत डेहरिया को आमला थाना प्रभारी बनाया गया है, वहीं मोहदा से हटाए गए कार्यवाहक निरीक्षक विष्णुप्रसाद मौर्य को 8 दिन बाद ही मोहदा थाना की कमान सौंप दी है। इसके साथ ही आमला थाना प्रभारी मुकेश ठाकुर को निलंबित कर* शेष पेज 2 पर..


# प्रणव-शर्मिष्ठा हुए परिणयबद्ध

*बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। भार्गव एजेंसी, सागर ट्रेडर्स, भार्गव ट्रेडिंग कंपनी बैतूल के संचालक, प्रमुख व्यवसायी, गंज स्थित शिवशक्ति हनुमान शनि देव मंदिर के अध्यक्ष विवेक (छुट्टू) एवं श्रीमती नीलिमा भार्गव के सुपुत्र चि. प्रणव का शुभ विवाह बैतूल निवासी अनूप अवस्थी एवं श्रीमती मनोज अवस्थी की सुपुत्री सौ.कां. शर्मिष्ठा के साथ गत दिवस संपन्न हुआ। इस अवसर पर वृंदावन गार्डन, बैतूल गंज में आशीर्वाद समारोह एवं स्वरूचि भोज का आयोजन रखा गया था। प्रणव-शर्मिष्ठा के परिणयबद्ध होने पर जिले के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, राजनेताओं, अधिवक्ताओं, पत्रकारों, चिकित्सकों, सामाजिक बंधुओं, ईष्टमित्रों, शुभचिंतकों ने बधाई दी है। राष्ट्रीय जनादेश की ओर से भी शुभकामनाएं।*






# आज परियणयबद्ध होंगे भारती-विशाल



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** जन अभियान परिषद मध्यप्रदेश के उपाध्यक्ष, जल प्रहरी पुरस्कार से सम्मानित, पद्मश्री के लिए चयनित मोहन नागर एवं श्रीमती कृष्णा नागर की सुपुत्री सौ.कां. भारती का शुभ विवाह गुना निवासी कमलसिंह धाकड़ एवं श्रीमती असरफी के सुपुत्र चि. विशाल धाकड़ (आईएएस) के साथ आज 12 फरवरी को निर्वाणा रिसोर्ट, फंदाकला, सीहोर बायपास मार्ग, भोपाल में संपन्न होगा। इस अवसर पर रात्रि 8 बजे से आशीर्वाद समारोह एवं स्वरूचि भोज का आयोजन रखा गया है। भारती-विशाल के परिणयबद्ध होने पर जिले के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, राजनेताओं, अधि-वक्ताओं, पत्रकारों, चिकित्सकों, सामाजिक बंधुओं, ईष्टमित्रों, शुभचिंतकों ने बधाई दी है। राष्ट्रीय जनादेश की ओर से भी शुभकामनाएं।







# संपादकीय

## आर्थिक प्रस्तुति के कठघरे

*आर्थिक प्रस्तुति की महीन कताई में कई सुर्खियां निकलीं, तो शिमला के गलियारों में कड़े कदमों के पदचाप ने बिजलियां गिरा दीं। ये बिजलियां पूरे हिमाचल में कौंध पैदा करती हैं, लेकिन राजधानी की कानाफूसी में अपने ही समीकरण चुनने की वकालत है। कोई पूछ रहा कि क्यों आर्थिक संकट की वास्तविकता से पर्दे हटाए गए, तो कहीं नर्म कालीनों के नीचे सिसकियां गवाह बन गईं। बात आरडीजी से निकली, लेकिन दूर के निठल्ले वातावरण और निर्धन वजूद में तपी अमीर होने की ख्वाहिशों में दफन हो गई। यहां तनाव और दबाव के बीच कुछ रक्षा कवच भी हैं। सरकार ने तर्कों का जो खजाना खोला है, वह पहली बार बता रहा है कि इस हमाम में हमारे कपड़े कब-कब, किसने-किसने चुराए हैं। ऐसा भी नहीं कि आज का संकट कल के सफर को बैसाखियां नहीं पहनाएगा। यह भारत के संघीय ढांचे की चूलें हिला रहा और गुण-दोष के आलम में सारी रेत छान रहा है। इसलिए आर्थिक प्रस्तुति के बहाने हिमाचल अपने कई रोगों के लक्षण देख सकता है। आर्थिक प्रस्तुति की नौबत क्यों आई और क्यों कल्याणकारी राज्य होने का दंभ ढह गया। यह महीना इसी सदी का, आर्थिक लापरवाही का या भ्रमित वाहवाही का। जो भी हो, प्रस्तुति के सामने एक नई दीवार चिनी जा सकती है। कुछ प्रतिबंधों की भाषा लिखी जा सकती है। सहमे वातावरण के आगोश में कर्मचारी वर्ग की दौलत, स्थायी मांगें और सरकारी नौकरी की डींगें आज अगर कठघरे में खड़ी हैं, तो यह कारवां ही बदनसीबी का था। प्रदेश को संभलना चाहिए था जब कालचक्र में राज्य का सोना जल रहा था। विडंबना यह कि कर्मचारी व पेंशनधारकों के कुनबे में आकर राज्य का बजट जलता रहा, लेकिन करीब साढ़े चार लाख कर्मचारियों-पेंशनरों के इर्द-गिर्द सरकारें आती रहीं, सरकारें जाती रहीं। क्या तब शांता कुमार सरकार दोषी थी जब 'नो वर्क नो पे' का फार्मूला, सरकारी कार्य संस्कृति को बताया जा रहा था। क्या तब मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू गलत थे, जब उनकी सरकार ने आते ही करीब एक हजार संस्थान बंद कर दिए या शिमला की सुस्ती से कुछ कार्यालय निकाल कर बाहर भेजने शुरू किए थे। हैरत है कि सरकार के फैसलों पर अदालतों का चक्रव्यूह, आर्थिक स्थिति के विपरीत निर्देश देने की उदारता दिखा देता है, जबकि राज्य की हैसियत तिनके बटोरने जैसी है। प्रदेश में आर्थिक व प्रशासनिक सुधारों को लेकर सियासी सियार रंग बदलते रहे।*

## अवैध रूप से बनाए जा रहे फर्नीचर किए जब्त

*__बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।__ अवैध रूप से सागौन की कटाई कर बनाए जा रहे फर्नीचर को वन विभाग की टीम ने छापामार कार्यवाही कर जब्त किया है। उक्त कार्यवाही वन मंडल अधिकारी दक्षिण बैतूल अरिहंत कोचर के निर्देशन में ताप्ती रेंज अंतर्गत सिमोरी खेड़ी वृत्त में की गई है। रेंज ऑफिसर ताप्ती दयानन्द डेहरिया ने ताप्ती रेंज के स्टॉफ के साथ 10 फरवरी को सिमोरी खेड़ी वृत्त में कार्रवाई की। मौके पर अवैध रूप से फर्नीचर निर्माण का कार्य किया जा रहा था। टीम ने तत्काल मौके से सागौन लकड़ी जप्त कर विधिवत कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान फूलेसिंह बल्द पंचम कुमरे के घर से अवैध सागौन चिरान 10 नग, कुल 0.081 घन मीटर जप्त की गई। जप्त की गई लकड़ी का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 7 हजार 500 रुपए बताया गया है। आरोपी के विरुद्ध पीओआर क्रमांक 888/91 दर्ज किया गया है। प्रकरण भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33(1)क तथा मध्य प्रदेश वन उपज व्यापार विनिमय अधिनियम 1969 की धारा 5(1) के अंतर्गत कायम किया गया है। इस कार्रवाई में ओंकारनाथ मालवीय परिक्षेत्र सहायक, अनीता सलामे, कामुलाल इवने, कृष्ण कुमार डांडोलिया, विश्वनाथ कारे, मंगल तथा रामजी शामिल रहे। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन अपराधों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।*

## युवक ने लगाई फांसी, मर्ग कायम कर जांच में जुटी पुलिस

*__चिचोली (राष्ट्रीय जनादेश)।__ थाना क्षेत्र के ग्राम सिंदूरजना में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के पीछे अवैध संबंध का संदेह और झगड़े को बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सिंदूरजना निवासी सन्नी पिता गमन कुमरे (23 वर्ष) ने अपने घर में म्याल (छत के हिस्से) में रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली।*

## विधायक ने दिलाई राहत, गांवों में शुरू हुई 24 घंटे बिजली आपूर्ति

*__नांदा (राष्ट्रीय जनादेश)।__ भैंसदेही विधायक महेंद्र सिंह चौहान की पहल पर क्षेत्र के उन गांवों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति शुरू हो गई है, जहां अभी तक नहीं हो रही थी। विकासखंड भीमपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गुरुवा पिपरिया, कासमारखंडी, घोरपड़, काबरा के ग्राम सागवानी, जड़िया और जीरूढाना, रोजड़ी खेड़ा, महुढाना, धुंदरी, पाटनकोई सहित अन्य गांवों में विगत दिनों तक बिजली नहीं पहुंचने पर ग्रामीण तथा जनपद सदस्य बब्बू पदम, सरपंच अशोक सिंह, रतनपुर मंडल के महामंत्री बबू सोनी ने विधायक श्री चौहान को क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया था। इस पर विधायक श्री चौहान ने बिजली कंपनी से चर्चा कर तत्काल राहत देने के निर्देश दिए थे। इस पर बिजली कंपनी ने तत्काल 24 घंटे वाली बिजली शुरू कर दी है। बताया गया है कि पिपरिया के बिजली दफ्तर में कुछ तकनीकी खराबी आने से यह काम नहीं हुआ था। इससे ग्रामीणों में हर्ष है।*

## उड़दन वृद्धाश्रम में होलिस्टिक वेलबीइंग कैम्प आज

*__बैतूल(राष्ट्रीय जनादेश)।__ जिले में बुजुर्गों के लिए संचालनालय आयुष मप्र भोपाल के निर्देश पर आयुष विभाग बैतूल द्वारा होलिस्टिक वेलबीइंग कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर ने बताया कि 12 फरवरी को उड़दन वृद्धाश्रम में होलिस्टिक वेलबीइंग कैम्प का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नोडल अधिकारी डॉ. ज्ञानेश्वर झरबड़े एवं सहायक नोडल अधिकारी डॉ. निधी मालवीय के नेतृत्व में 12, 19 और 26 फरवरी को उड़दन वृद्धाश्रम बैतूल तथा 13, 20 और 27 फरवरी को भारत भारती वृद्धाश्रम बैतूल में शिविर आयोजित होंगे। आयुष विभाग ने सभी वृद्धजनों से शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है।*

## असम राइफल्स में चयनित हुईं प्रेरणा और आरती

**▪ आज पुरी-जोधपुर एसएफ एक्सप्रेस से होंगी रवाना**



*__बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।__ शहर के विनोबा नगर की दो बेटियों कुमारी प्रेरणा साहू एवं कुमारी आरती मालवीय का चयन असम राइफल्स में हुआ है। प्रेरणा और आरती अब राष्ट्र सेवा के पावन कर्तव्य का निर्वहन करेंगी। उनका प्रशिक्षण 15 फरवरी से प्रारंभ होगा। प्रशिक्षण के लिए वे आज 12 फरवरी को दोपहर 1:50 बजे पुरी-जोधपुर एसएफ एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा प्रस्थान करेंगी। इस अवसर पर सभी परिजन, मित्रगण एवं शुभचिंतकों से आह्वान किया गया है कि वे बैतूल रेलवे स्टेशन पहुंचकर दोनों बेटियों से मिलें और उन्हें आशीर्वाद प्रदान करें। परिवार एवं समाज ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि वे अपने कर्तव्य पथ पर सदैव सफल हों और परिवार, समाज तथा राष्ट्र का नाम गौरवान्वित करें।*

# रुद्रावतार ढोल-ताशा पथक बनेगा शिव बारात की धड़कन

**▪ शिव बारात में 50 कलाकार एक साथ देंगे शानदार प्रस्तुति**

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। अमरावती का गौरवशाली रुद्रावतार ढोल-ताशा पथक इस बार थाना महाकाल चौक से निकलने वाली शिव बारात का मुख्य आकर्षण रहेगा और अपने 50 सदस्यों के साथ बैतूल में ढोल-ताशा की ऐसी गर्जना करेगा, जिसकी गूंज दूर तक सुनाई देगी।**

### लोगों का दोगुना होगा उत्साह

शिव बारात समिति के संदीप कौशिक ने बताया कि रुद्रावतार ढोल-ताशा पथक वर्तमान में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, हैदराबाद, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक पर्वों पर अपने जोशीले और पारंपरिक वादन से लोगों का उत्साह दोगुना कर रहा है। यह पथक हर आयोजन को ऊर्जा और अनुशासन से भर देता है। हनुमान जयंती में वीरश्रीपूर्ण वादन, राम नवमी की शोभायात्राओं में रामभक्ति का संचार, गणेशोत्सव में बप्पा के स्वागत की ऊर्जावान ताल और नवरात्रोत्सव में देवी-स्तुति तथा गरबा-डांडिया की पृष्ठभूमि में गूंजता ढोल रुद्रावतार पथक ने हर मंच पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। ढोल-ताशा की लय के



माध्यम से यह दल धर्म, परंपरा और संस्कृति का सजीव दर्शन कराता है। मध्य प्रदेश में इंदौर, खरगोन, बुरहानपुर और भोपाल जैसे शहरों में इस पथक ने मराठी संस्कृति का भव्य प्रदर्शन किया है। जहां-जहां इस दल ने प्रस्तुति दी, वहां पर्व ऐतिहासिक बन गया। अब यही ऊर्जा बैतूल की शिव बारात में दिखाई देगी।

### भीमाशंकर के नाम से सजा मंडप

इधर शिव विवाह उत्सव के अंतर्गत परंपरागत रस्मों का क्रम भी जारी है। महाशिवरात्रि पर्व के अंतर्गत चल रहे शिव विवाह उत्सव में बुधवार को भीमाशंकर के नाम से मंडप सजाने की परंपरागत रस्म संपन्न हुई। पारंपरिक विधि-विधान से मंडप स्थापना की गई, जिसमें मांगलिक गीतों, पूजा-अर्चना और वैवाहिक संस्कारों की प्रारंभिक रस्में निभाई गईं। मंडप में गणेश पूजन, कलश स्थापना और मंगलाचरण के साथ विवाह संबंधी कार्यक्रमों का क्रम आगे बढ़ाया गया।

### काशी विश्वनाथ के नाम से आज होगी हल्दी

समिति के सुधीर मालवी ने बताया कि आज 12 फरवरी गुरुवार को हल्दी की रस्म आयोजित की जाएगी। हल्दी आयोजन की जिम्मेदारी सोनम मिश्रा, सोनल पाटिल, रानी राठौर, माधुरी नामदेव, शिखा कौशिक, कंचन मिश्रा, माधवी सोनी, बिल्लो पवार, रीता दत्ता, आयुषी नामदेव, मुस्कान घोड़पे, नीता वराठे, निर्मला यादव, सरिता श्रीवास्तव, कशिश तातेड़ और माधुरी पवार को सौंपी गई है। समिति के अनुसार यह रस्म भी पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न की जाएगी। वैवाहिक परंपरा के अनुसार भगवान शिव को प्रतीकात्मक रूप से हल्दी अर्पित की जाएगी और मंगल गीतों के बीच इस संस्कार को विधि-विधान से संपन्न किया जाएगा। श्रद्धालु पीले वस्त्रों और पारंपरिक परिधानों में शामिल होकर शिव-पार्वती विवाह की इस महत्वपूर्ण रस्म के साक्षी बनेंगे।

पेज 1 से जारी...

### सिर्फ समीक्षा...

असंतोष जताया था। इसके साथ ही कलेक्टर को यह निर्देश दिए थे कि एक उच्च स्तरीय जांच दल बनाकर 7 दिनों में पूरे मामले की जांच कराई जाएं। जनप्रतिनिधियों के निर्देश पर कमेटी तो बनी और कथित रूप से जांच भी कराई गई, लेकिन इस मामले में इसके बाद क्या हुआ, इसका खुलासा आज तक नहीं हो पाया है। खास बात यह है कि जांच में शामिल अफसर दबे स्वर में रिपोर्ट सौंप दिए जाने की बात कहते हैं। वहीं दूसरी ओर आला अफसर रिपोर्ट ही नहीं मिलने की बात कह रहे हैं। यही नहीं, इस मामले में आज तक किसी पर भी कोई कार्रवाई तक नहीं हुई है।

#### बैठक में नहीं हुआ एक भी सवाल

इन हालातों में उम्मीद जताई जा रही थी कि आज की बैठक में जनप्रतिनिधि इस बारे में अफसरों से जवाब तलब करेंगे और इस गंभीर मामले में कोई प्रोग्रेस नहीं होने पर अफसरों को आड़े हाथ भी लेंगे, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। सूत्रों का कहना है कि जिन्होंने ट्रेचिंग ग्राउंड मामले को लेकर जांच के निर्देश दिए थे, उन्होंने ही इस बारे में कोई पूछताछ नहीं की और न ही पूरी बैठक में इसे लेकर कोई चर्चा ही हुई। इन हालातों में लोग भी यह कहते नजर आ रहे हैं कि यदि जनप्रतिनिधि अपने ही दिए निर्देशों पर अमल की जानकारी नहीं लेंगे तो फिर निर्देश देने का ही क्या औचित्य? जब जनप्रतिनिधि ही ऐसे गंभीर मामलों में ऐसा रवैया दिखाएंगे तो फिर उन अफसरों से क्या उम्मीद करें जो खुद ही मामले को शुरू से ही रफा-दफा करने की फिराक में हो।

#### अफसरों को पता है कि उन्हें क्या करना है

बैठक को लेकर जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी प्रेस नोट को देखें तो साफ है कि जनप्रतिनिधि केवल ऐसे निर्देश देकर अपनी श्रेष्ठता साबित करने का प्रयास करते हैं, जो कि अफसरों को पहले से ही पता होते हैं। अधिकारियों को भी पता है कि उनके कर्तव्य क्या है, उन्हें कब क्या करना है, क्योंकि यह शासन के स्टैंडिंग ऑर्डर होते हैं। वैसे अफसर भी जानते हैं कि केवल कामचलाऊ निर्देश ही मिलेंगे, इसलिए ऐसी बैठकों को लेकर उनके माथे पर भी शिकन तक नहीं आती।

#### कानून-व्यवस्था और नगर पालिका पर जताई नाराजगी

पूरी बैठक का फोकस जिले की बिगड़ती कानून-व्यवस्था और नगर पालिका बैतूल की बिगडैल व्यवस्था रही। जनप्रतिनिधियों ने जिले में हाल में मुलताई, आठनेर और दामजीपुरा में घटी घटनाओं को लेकर कड़ी नाराजगी जताई और चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी घटनाएं जिलों में न हो। पुलिस अफसरों को इसे लेकर खासी एहतियात बरतने के सख्त निर्देश दिए गए। इसी तरह बैतूल नगर पालिका की व्यवस्थाओं को लेकर भी सख्त नाराजगी जताई गई। बैतूल शहर में हर तरफ बाहरी लोगों द्वारा किया जा रहा अतिक्रमण और तेजी के साथ इसके फैलाव तथा नगर पालिका द्वारा इसे लेकर ठोस कदम नहीं उठाए जाने पर जनप्रतिनिधियों ने कड़ी नाराजगी जताई।

#### सिंचाई परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

बैठक में विधायक हेमंत खंडेलवाल ने जल संसाधन विभाग अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए ढेकना परियोजना की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही प्रस्तावित रामघाटी एवं शीतलझिरी परियोजनाओं की स्वीकृति प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। पारसडोह परियोजना में आ रही समस्याओं के स्थायी समाधान हेतु कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जिले को शत-प्रतिशत सिंचित बनाने के लक्ष्य के तहत सभी प्रगतिरत सिंचाई परियोजनाओं को समयसीमा में पूर्ण किया जाए तथा प्रस्तावित कार्यों को शीघ्र प्रारंभ किया जाए। विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने सात माइनर टैंक की प्रगति की जानकारी लेकर कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

#### नगरीय क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने व विकास कार्यों पर जोर

नगरीय प्रशासन अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए बैतूल नगर के प्रमुख मार्गों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के निर्देश एसडीएम, तहसीलदार एवं सीएमओ को दिए गए, ताकि प्रस्तावित निर्माण कार्यों में बाधा न आए। नगर पालिका के प्रत्येक वार्ड में 7-7 लाख रुपये की राशि से विद्युत पोल लगाने तथा लल्ली चौक से कोतवाली चौक तक पोल शिफ्टिंग करने के निर्देश दिए गए। नगर में पर्याप्त पेयजल उपलब्धता के लिए जल संसाधन विभाग द्वारा 18 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। इस संबंध में विस्तृत परियोजना विवरण शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

### तीसरे दिन भी...

के अंतिम दिन शनिवार 7 फरवरी को कृषि उपज मंडी बैतूल में सोयाबीन के अधिकतम दाम 5 हजार 850 रूपए और प्रचलित दाम 5600 रूपए प्रति क्विंटल थे। इसके बाद मिल में सोयाबीन के दाम कम कर दिए गए। वर्त्तमान में सोयाबीन की खरीदी मिल संचालकों द्वारा ही की जा रही है। मिलों में सोयाबीन के दाम कम होने से इस सप्ताह के तीनों दिन सोयाबीन के दाम में बड़ी गिरावट आई है। बैतूल कृषि उपज मंडी में सोमवार को सोयाबीन के प्रचलित दाम में 250 रूपए, मंगलवार को 275 रूपए की गिरावट आने के बाद बुधवार को भी 275 रूपए प्रति क्विंटल कम होकर 4800 रूपए प्रति क्विंटल पर आ गए है। तीन दिन में सोयाबीन के अधिकतम दाम 750 रूपए प्रति क्विंटल और प्रचलित दाम 800 रूपए प्रति क्विंटल कम हो कए है। सोयाबीन के दाम लगातार कम होने से सोयाबीन का स्टॉक करने वाले स्टॉकिस्ट और सोयाबीन नहीं बेचने वाले किसानों में तो दहशत है, लेकिन सोयाबीन में दाम कम होने से खाद्य तेल के दाम भी कम होने की उम्मीद में आम लोगों में खुशी है।

### स्वच्छ सर्वेक्षण में...

भी सर्वेक्षण में अच्छी रैंकिंग प्राप्त करना बेहद मुश्किल भरा होगा।

#### 12500 अंकों में से मिलेंगे नंबर

स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए कुल 12500 अंक तय किए गए हैं। इनमें से विजिबल क्लीननेस पर 1500, सेग्रीगेशन, कलेक्शन एंड ट्रांसपोर्टिंग ऑफ वेस्ट पर 1000, सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग पर 1500, एक्सेस टू सेनीटेशन पर 1000, यूज्ड वाटर मैनेजमेंट पर 1000, एडवोकेसी फॉर स्वच्छता पर 1500, सिटीजन फीडबैक पर 1000 सहित अन्य गतिविधियों पर अंक मिलेंगे।

#### यह कमियां कटवाएंगी शहर के अंक

सर्वेक्षण के लिए जिन गतिविधियों पर अंक है, उनमें से कई का तो शहर में अता-पता ही नहीं है। फव्वारे के नाम पर फिलहाल मात्र माचना फिल्टर प्लांट पर चल रहे हैं। चौक चौराहों और जल संरचनाओं का सौंदर्यीकरण बिल्कुल नहीं हुआ है। वार्डों में धूल व गड्ढों रहित सड़कें व ढंकी हुई नालियां नजर ही नहीं आती। पक्के व पिचिंग सहित नाले भी शहर में नहीं हैं। अधिकांश सार्वजनिक शौचालय 20 साल या उससे भी पुराने हैं और जर्जर हो चुके हैं।

#### अच्छी रैंकिंग की नहीं कोई उम्मीद

इन्हीं सब कारणों से इस सर्वेक्षण में भी बैतूल शहर की कोई अच्छी रैंकिंग आने की दूर-दूर तक उम्मीद नहीं की जा रही है। पिछले सर्वेक्षण में बैतूल शहर को राज्य स्तर पर 80वीं और राष्ट्रीय स्तर पर 67वीं रैंकिंग प्राप्त हुई थी। इस बार यह संभावना भी नहीं है कि पिछले साल के आसपास की रैंकिंग भी प्राप्त हो जाए। हालांकि रैंकिंग के मामले में पिछले साल ही काफी पिछड़ गए थे।

#### स्कूलों को भी करना होगा सहयोग

इस बार स्वच्छ सर्वेक्षण में स्कूलों को भी सहयोग करना होगा। इस संबंध में सभी स्कूलों को नगर पालिका ने पत्र भी लिख दिया है। सर्वेक्षण के दौरान स्कूलों में देखा जाएगा कि सभी स्कूलों में टॉयलेट है या नहीं, बालक-बालिका के लिए अलग-अलग और चालू हालत में टॉयलेट है या नहीं, पानी की सप्लाई और हैंड वाश सुविधा है या नहीं, छत के साथ वेंटीलेशन सुविधा है या नहीं।

### लिफ्ट शुरू हुए...

पड़ता है। इसके साथ मरीजों को एक्स-रे, सीटी स्कैन आदि के लिए ले जाने के लिए भी परिजन परेशन होते रहते है। जिला अस्पताल परिसर में हाल ही में 50 बेड के क्रिटीकल केयर युनिट का निर्माण किया गया है। जी प्लस टू-फ्लोर के इस भवन में ग्राउंड फ्लोर से फर्स्ट और सेकेण्ड फ्लोर पर जाने दो लिफ्ट लगी है। इसके साथ ही सीढ़ी और आपातकालीन व्यवस्था के तहत रैम्प भी बनाई गई है। जिला अस्पताल प्रबंधन द्वारा लगभग दो माह पूर्व ट्रामा सेंटर में संचालित आर्थोपेडिक वार्ड और ओपीडी क्रिटिकल केयर युनिट में शिफ्ट कर दिया गया है। जिसमें ग्राउंड फ्लोर पर आर्थोपेडिक ओपीडी है। जिसमें हड्डी के मरीजों को ओपीडी समय में देखा जाता है। भर्ती होने की स्थिति में मरीजों को फर्स्ट फ्लोर में स्थित वार्ड में भर्ती किया जाता है। यहां हड्डी रोग से पीड़ित मरीज ही रहते है। जिसमें किसी के पैर फ्रेक्कर है तो किसी के हाथ या अन्य कोई हड्डी फ्रेक्कर होती है। फ्रेक्कर वाले मरीजों को फर्स्ट फ्लोर पर ले जाने में सबसे अधिक परेशानी होती है। लिफ्ट शुरू नहीं होने से मरीजों के परिजनों को स्ट्रेचर या व्हील चेयर धकाते हुए ले जाना पड़ता है। इससे न सिर्फ मरीजों को असहनीय दर्द होता है बल्कि रैम्प पर स्ट्रेचर धकाने भी 4-5 लोगों की आवश्यकता होती है। ऐसे में कभी किसी मरीज का स्ट्रेचर लुड़क जाए तो बड़ा हादसा हो सकता है। मरीज को वार्ड में भर्ती करने के बाद यदि सीटी स्कैन या एक्स-रे करवाने की आवश्यकता हुई तो भी उन्हें रैम्प से ही स्ट्रेचर या व्हील चेयर पर लाना-लेजाना पड़ता है। बुधवार को आर्थोपेडिक वार्ड में 20 मरीज भर्ती थे, जिसमें अधिकतर हाथ या पैर फ्रैक्कर वाले मरीज थे। मरीजों और उनके परिजनों ने क्रिटिकल केयर युनिट की लिफ्ट शीघ शुरू करवाने की मांग की है।

#### जिम्मेदार बोले

क्रिटिकल केयर वार्ड की लिफ्ट शुरू करने में तकनीकि समस्या आ रही है। लिफ्ट लगाने वाली कंपनी से बात हुई है दो-तीन दिन में इंजीनियर आकर लिफ्ट शुरू कर देगें।

**डॉ. रूपेश पद्माकर**
**आर्थोपेडिक वार्ड इंचार्ज**
**जिला अस्पताल, बैतूल**

### आमला टीआई ठाकुर...

दिया गया है। पिछले दिनों दामजीपुरा में हुई साम्प्रदायिक तनाव के बाद पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन द्वारा विगत 3 फरवरी को मोहदा थाना प्रभारी विष्णुप्रसाद मौर्य को हटाकर अजाक थाना प्रभारी नियुक्त किया गया था, वहीं अजाक थाना प्रभारी रविकांत डेहरिया को मोहदा थाना प्रभारी बनाया गया था। मात्र 8 दिन बाद ही बुधवार को एसपी द्वारा एक बार फिर दोनों थाना प्रभारियों के तबादले कर दिए गए हैं। मोहदा से हटाए गए कार्यवाहक निरीक्षक विष्णुप्रसाद मौर्य को एक बार फिर मोहदा थाना प्रभारी बना दिया गया है। वहीं रविकांत डेहरिया को मोहदा से हटाकर आमला थाना की कमान दे दी गई है। आमला थाना प्रभारी मुकेश ठाकुर द्वारा धारा 420 के मामले की डायरी समय पर हाईकोर्ट में पेश नहीं करने पर कोर्ट की नाराजगी के बाद श्री ठाकुर को निलंबित कर दिया गया है।

## तेजस ने शिवपुरी और ग्वालियर संभाग में बनाई जगह



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** जिले के प्रतिभावान छात्र शिखर उर्फ तेजस सोनारे ने क्रिकेट जगत में अपनी मेहनत, लगन से उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। तेजस सोनारे ने पहले शिवपुरी जिला क्रिकेट ट्रायल में क्वालीफाई कर जिला शिवपुरी की क्रिकेट टीम में स्थान बनाया, इसके बाद खेलों एमपी यूथ गेम में ग्वालियर संभाग की टीम में चयनित होकर बैतूल और अपने परिवार का मान बढ़ाया। 16 वर्षीय तेजस सोनारे ने पढ़ाई के साथ क्रिकेट को पूरा समय देते हुए निरंतर अभ्यास किया। उन्होंने शिवपुरी जिले की यूनिक क्रिकेट अकादमी में कोच हेमंत झा के सानिध्य में प्रशिक्षण शुरू किया और अनुशासन के साथ आगे बढ़ते रहे। इस सफलता में उनके माता-पिता का विशेष योगदान रहा। तेजस सोनारे के पिता डॉ. मनोज सोनारे, निवासी ग्राम राठीपुर जटाशंकर ने बताया कि उन्होंने बेटे को आठ वर्ष की आयु से ही नियमित कोचिंग दिलाना शुरू किया और स्वयं सुबह-शाम ग्राउंड ले जाकर अभ्यास कराया। दादाजी शिवरतन सोनारे की प्रेरणा से परिवार में आगे बढ़ने की परंपरा रही है। डॉ. मनोज सोनारे का कहना है कि अभिभावकों को बच्चों की रुचि पहचानकर उन्हें पूरा सहयोग देना चाहिए। तेजस सोनारे का सपना क्रिकेट में ऊंचाइयों तक पहुंचकर जिले, राज्य और देश का नाम रोशन करना है।

## कोल माइंस सेवानिवृत्त कर्मचारियों की बैठक आज

**▪ जंतर-मंतर प्रदर्शन को लेकर रणनीति पर होगा मंथन**

*__बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।__ कोल माइंस सेवानिवृत्ति कर्मचारी संघ एचएमएस की मासिक बैठक 12 फरवरी को सुबह 11 बजे से शहीद भवन में आयोजित की गई है। बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर आवश्यक चर्चा एवं निर्णय लिए जाएंगे। बैठक में 5 फरवरी को ऑल इंडिया कोल पेंशनर्स एसोसिएशन के साथ आयोजित जूम मीटिंग में हुई चर्चा पर विस्तार से विचार किया जाएगा। साथ ही 30 मार्च को दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन में भागीदारी को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। सभी कोल पेंशनर साथियों से अपील की गई है कि वे अपने हक और अधिकारों की लड़ाई के लिए इस अंतिम संघर्ष में शामिल हों। संगठन की ओर से डीके साहू अध्यक्ष, डी आर झरबडे महामंत्री, अजय सिंह राजपूत, दिनेश कुमार शर्मा, दामोदर प्रसाद मिश्रा, शिवदयाल चौकीकर, माणिक राव कापसे, तुलसीराम मसूड़कर, भोजराज पंडाग्रे, कृष्णराव उबनारे, सुरेश साहू, सीपी साहू, सीआर गावंडे, अशोक सेलकरी, सुखराम पवार, विजय के वर्मा, मिर्जीलाल पवार, कुंदनलाल पवार, नारायण पवार, नारायण मिश्रा, राजेश अवस्थी, शिवकुमार धार से पूरनलाल, शिवप्रसाद दौलत मालवी सहित समस्त एचएमएस जिला बैतूल पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है।*


**कार बेचना है**

टाटा नेक्सों कार टॉप मॉडल फुली लोडेड बढ़िया कंडीशन में 2020 का मॉडल है जो भी लेने का इच्छुक हो इन नंबरों पर कांटेक्ट करें कार मुलताई में है।

संपर्क करें : 9425610958 9713016459

**CHANGE OF NAME**

I RAMESH YADAV S/o RAMJILAL YADAV residing at Gonighat, At-Bodi Junawani, Post-Jeen (Borgaon), Bodijunavwani, PO: Jeen, Dist: Betul, Madhya Pradesh-460001 have changed the name of my minor son ASHISH YADAV age 13 years and he shall hereafter be known as DHARMRAJ YADAV.

**मंदिर निर्माण में करें सहयोग**



नगर के गणेश वार्ड स्थित हाथी नाले के पास (चुन्नीढाना) गंज-बैतूल में 100 साल पुराने नागदेव वटकेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। इस पुनीत कार्य में सभी धर्मप्रेमियों से आर्थिक सहयोग कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील मंदिर समिति ने की है। मंदिर निर्माण में जो भी धर्मप्रेमी सहयोग करना चाहते हैं वह इन नंबरों पर नवल सिंह ठाकुर 9424488462, राजीव पाठक 9981338289 संपर्क कर दान स्वरूप राशि दे सकते हैं।

सौजन्य : दैनिक राष्ट्रीय जनादेश परिवार, बैतूल


**पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु कर्मचारियों की आवश्यकता है**

- साईट इंजीनियर (कंस्ट्रक्शन)-1 पद
- शिफ्ट सुपरवाईजर -2 पद
- डीएसएम - 2 पद
- हाउसकीपिंग-2 पद
- कंस्ट्रक्शन सुपरवाईजर-1 पद

संपर्क : हाईवे ग्लोरी बीपीसीएल डीलर बडोरा, बैतूल मो. 6260196621

1602


## मंडी भाव, कृषि उपज मंडी, बैतूल



**दिनांक : 11.02.2026**

| जिंस का नाम | आवक | न्यूनतम | उच्चतम | प्रचलित |
|---|---|---|---|---|
| सोयाबीन पीला | 2020 | 4200 | 5099 | 4800 |
| चना | 16 | 4100 | 5151 | 4325 |
| मक्का | 19920 | 1300 | 1691 | 1535 |
| गेहूं | 1637 | 2212 | 2511 | 2485 |
| सरसों | 6 | 4500 | 4500 | 4500 |
| तुअर | 4 | 6001 | 7000 | 6801 |
| मूंग | --- | --- | --- | --- |
| उड़द | --- | --- | --- | --- |
| गुल्ली | --- | --- | --- | --- |
| मसूर | --- | --- | --- | --- |
| बटना | --- | --- | --- | --- |
| योग | 23605 | | | |

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मयूर भार्गव द्वारा मुद्रक डीबी कॉर्प लिमि. फौजदार गैरेज, पवारखेड़ा इटारसी रोड, होशंगाबाद से मुद्रित और प्रधान कार्यालय सिविल लाइन, बैतूल से प्रकाशित। संपादक-मयूर भार्गव। समस्त दीवानी, फौजदारी एवं न्यायिक कार्यवाही के लिए क्षेत्राधिकारी बैतूल न्यायालय ही होगा। प्रधान कार्यालय-9171413554 84

# पं. दीनदयाल ने देश को एकजुट करने निभाई भूमिका : खंडेलवाल

■ पुण्यतिथि पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता भारतीय जन संघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने बैतूल विधानसभा क्षेत्र के गंज मंडल अंतर्गत बूथ क्रमांक 112 टैगोर वार्ड में पंडित दीनदयाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। पंडित जी की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री खंडेलवाल ने पं. दीनदयाल उपाध्याय को भारतीय जनसंघ की विचारधारा और भारत की सांस्कृतिक चेतना, वैचारिक राजनीति के आधार स्तंभ बताते हुए कहा कि उनका जीवन राष्ट्रसेवा, सादगी और संगठन समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है।**



अंतिम छोर के व्यक्ति तक पीएम, सीएम उपलब्ध करवा रहे हैं मूलभूत सुविधाएं प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दीनदयाल जी ने आजादी के बाद देश को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने एकात्म मानववाद के माध्यम से भारतीय विचारधारा को राजनीतिक दर्शन का स्वरूप दिया। उन्होंने बताया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि विकास का केंद्र बिंदु व्यक्ति नहीं, बल्कि समग्र समाज होना चाहिए।

आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संतुलन ही सच्चे विकास का आधार है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल जी के अंत्योदय के सिद्धांत का अनुसरण करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा गाँव-गांव में अंतिम छोर के व्यक्ति तक शिक्षा, स्वस्थ, पेयजल, आवास, सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। पंडित दीनदयाल जी के सिद्धांतों का अनुसरण करें कार्यकर्ता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे दीनदयाल जी के सिद्धांतों का अनुसरण कर सेवा, समर्पण और संगठन को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि हम कितने भी विकसित हो जाए लेकिन हमारी परंपराओं, विचारधारा, संस्कृति, पद्धतियों को जीवंत रखकर हमेशा उनसे जुड़े रहना चाहिए।

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, आमला विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे, नपा अध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर, जिला महामंत्री कृष्णा गायकी, डॉ. महेंद्र सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष रश्मि साहू, नरेश फाटे, पूर्व जिलाध्यक्ष वसंत बाबा माकोडे, पूर्व नपा अध्यक्ष आनंद प्रजापति, मंडल अध्यक्ष विकास मिश्रा, वरिष्ठ नेता मधु पाटनकर, अरूण श्रीवास्तव, भगवत चढोकार, राजा साहू, सुनील गुड्डू शर्मा, डा.अरूण जयसिंगपुरे, मुकेश झारे, ममता मालवी, नीलम वागद्रे, मीना बोरबन, सतीश जौधलेकर, पार्षद नितेश पिंटू परिहार, बूथ अध्यक्ष संदीप परिहार, राजेश चौहान, गुड्डू मिश्रा, राजेश मदान, आशीष पंवार, कुणाल शर्मा सहित पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता, वार्डवासी बडी संख्या में उपस्थित रहे।

# माता-पिता पृथ्वी पर ईश्वर का रूप है : एसपी

■ वैलेंटाइन डे नहीं, माता-पिता का सम्मान कर उनके साथ बिताएं दिन
■ 14 को मनाए जाने वाले मातृ पितृ पूजन दिवस की दी शुभकामनाएं

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** माता-पिता ही पृथ्वी पर ईश्वर के रूप में विद्यमान हैं। 14 फरवरी को माता-पिता के सम्मान में आयोजित किया जा रहा मातृ पितृ पूजन दिवस अत्यंत पुण्य का कार्य है। यह बात पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने श्री योग वेदांत सेवा समिति बैतूल द्वारा आयोजित कार्यक्रम के संदर्भ में दी गई शुभकामना संदेश में कही।



## 14 फरवरी को मनाया जाएगा दिवस

श्री योग वेदांत सेवा समिति बैतूल द्वारा 14 फरवरी को विद्यालयों के साथ-साथ घरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर भी मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार की तैयारियां समिति द्वारा की जा रही हैं। समिति के संरक्षक राजेश मदान ने बताया कि मंगलवार सायं 6 बजे समिति प्रतिनिधिमंडल ने जिले के सक्रिय पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन से सौजन्य भेंट कर कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी।

## भारतीय संस्कृति के अनुरूप नहीं है वैलेंटाइन डे

पुलिस अधीक्षक ने समिति की पहल की सराहना करते हुए कहा कि 14 फरवरी को युवा पीढ़ी वैलेंटाइन डे के रूप में मनाने लगी थी, जो भारतीय संस्कृति के अनुरूप नहीं है। ऐसे में माता-पिता के सम्मान के लिए इस दिन को समर्पित करना सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि समिति द्वारा सभी वर्गों को जोड़ते हुए इस अभियान को आगे बढ़ाया जा रहा है, जिससे युवा वर्ग में भी 14 फरवरी माता-पिता की याद, पूजा और सम्मान की तिथि के रूप में स्थापित हो सके।

## सार्वजनिक स्थलों पर मनाएंगे मातृ पितृ पूजन दिवस

समिति संरक्षक राजेश मदान ने बताया कि 14 फरवरी को प्रातः 10 बजे भारत भारती आवासीय विद्यालय में मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके बाद वृद्धाश्रम सहित अन्य विद्यालयों, घरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर भी मातृ पितृ पूजन दिवस के आयोजन किए जाएंगे। समिति ने जिले की जनता से अपील की है कि वे कार्यक्रम में शामिल होने के साथ अपने-अपने घरों में भी मातृ पितृ पूजन दिवस मनाएं। इस अवसर पर समिति संरक्षक राजेश मदान के साथ अनूप मालवीय, बंशीलाल सोनी, मोहन मदान, प्रवीण तिवारी सहित अन्य साधक उपस्थित रहे।

# विद्युत पोल पर मजदूर का शव देखने वाला हुआ बेहोश

■ लाइन शिफ्टिंग कर रहे मजदूर की करंट लगने से मौत



**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)।** विद्युत विभाग के अधिकांशतः काम निजी ठेकेदार और उनके मजदूरों से कराए जाते हैं। कार्य के पहले या तो लाइन बंद करने बकायदा परमिट लिया जाता है। उसके बाद कार्य समाप्त होने के बाद जहां से परमिट लिया गया है वहां पर सूचना दी जाती है उसके बाद ही लाइट प्रारंभ की जाती है। लेकिन मुलताई ब्लाक के ग्राम बिरूल रोड पर 11 केवी लाइन शिफ्टिंग के दौरान अचानक एक मजदूर को करंट लग गया जिससे उसकी मौत हो गई। मजदूर का शव पोल पर लटका हुआ देखकर प्रत्यक्षदर्शी भी बेहोश हो गया उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह कार्य वीटीएल कंपनी के ठेकेदार की ओर से कराया जा रहा था। ठेकेदार के साइड इंजीनियर लोकेश देशमुख ने बताया कि कार्य शुरू करने से पहले बिजली कंपनी को सूचना देकर सप्लाई बंद करवा दी गई थी।

## पुलिस ने खंबे से उतारा शव

इसके बाद मंडला निवासी सुमारु कुलस्ते (30) खंभे पर चढ़कर लाइन बदलने का काम कर रहा था। बताया जा रहा है कि जैसे ही वह ऊपर पहुंचा, अचानक करंट की चपेट में आ गया और खंभे पर ही लटक गया। करंट इतना तेज था कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मुलताई पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को खंभे से नीचे उतारने की कार्रवाई की। प्रत्यक्षदर्शी एक अन्य मजदूर डालचंद यादव सदमे में आकर बेहोश हो गए, जिन्हें तत्काल सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सुरक्षा मानक पालन पर सवाल उठे

इंजीनियर लोकेश देशमुख का कहना है कि बिजली सप्लाई बंद होने के बावजूद करंट कैसे आया, यह गंभीर जांच का विषय है। घटना में लापरवाही की आशंका भी जताई जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। साथ ही बिजली विभाग और ठेकेदार की भूमिका की भी जांच की जाएगी। यह हादसा विद्युत कार्यों में सुरक्षा मानकों के पालन पर सवाल खड़े करता है।

# खेलों से बच्चों में होता है शारीरिक दक्षता का विकास : एएसपी

■ आरडी किड्स में हुआ वार्षिक खेल दिवस का आयोजन ■ स्कूल के 700 विद्यार्थियों ने किया खेल प्रतिमा का प्रदर्शन







**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** खेलों से शारीरिक और बौद्धिक विकास होता है वहीं बच्चों में अनुशासन, टीम भावना भी उत्पन्न होती है। उक्त उद्‌गार आरडी किड्स में वार्षिक खेल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एएसपी श्रीमती कमला जोशी ने कही। उन्होंने कहा कि खेल बच्चों के लिए उतने ही जरूरी है जितनी की पढ़ाई। उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थान आर डी पब्लिक स्कूल बैतूल में डायरेक्ट श्रीमती ऋतु खंडेलवाल के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग देने के साथ ही उनके सर्वांगीण विकास और उत्तम स्वास्थ्य के लिए खेल, सांस्कृतिक, कला सहित अन्य सह शैक्षणिक गतिविधियों में सहभागिता करवाई जा रही है। इसी कड़ी में आर.डी. किड्स में 8 फरवरी को वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 700 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## एएसपी ने मशाल प्रज्वलित कर किया शुभारंभ

आरडी किड्स में वार्षिक खेल दिवस का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी ने मशाल प्रज्वलित कर किया। इसके बाद मार्च-पास्ट निकाला गया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा डांस परफ़ॉर्मेंस ने सभी का मन मोह लिया। आर डी किड्स के बच्चों ने सेल्फ डिफेंस की कला दिखाते हुए कराटे स्किल्स का प्रदर्शन किया गया ,जिसमें केजी वन की नन्ही छात्रा का प्रदर्शन सराहनीय रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में आरडी इंस्टीट्यूशन डायरेक्टर श्रीमती ऋतु खंडेलवाल के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं मैनेजमेंट स्टाफ की मेहनत और टीमवर्क की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बच्चों को सेफ्टी, सिक्योरिटी, सेल्फडिफेंस के प्रति करें जागरूक

मुख्य अतिथि ए.एस.पी. कमला जोशी ने अपने उद्बोधन में खेल दिवस के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि खेलों में सहभागिता से बच्चों में शारीरिक दक्षता के साथ ही खेल भावना और अनुशासन का भी विकास होता है। उन्होंने बच्चों में सेफ्टी और सिक्योरिटी एवं सेल्फ डिफेंस के लिए जागरूकता बढ़ाने पर ज़ोर दिया।

कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि विशिष्ट अतिथि के रूप में उप संचालक खनिज मनीष पालेवर एवं अमित कुमार यादव ने शिरकत की। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने विद्यार्थियों को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।













## खबर एक नजर

### युवा संगम के तहत रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला कल

*बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। मध्यप्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत रोजगार, स्वरोजगार एवं प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला 13 फरवरी को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री सरदार विष्णु सिंह उईके शासकीय महाविद्यालय सारणी में आयोजित होगा। रोजगार मेले के सफल आयोजन के लिए जिला रोजगार अधिकारी को नोडल अधिकारी तथा प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आईटीआई बैतूल को सह नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।*

### प्राचीन शिव मंदिर में होगा रुद्राभिषेक

**आखतवाड़ा मंदिर में 19 को होगा आयोजन**

*बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम आखतवाड़ा में महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर खेड़ी से उत्तर दिशा में लगभग एक किलोमीटर दूर आखतवाड़ा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में 19 फरवरी को प्रातः 9 बजे से रुद्राभिषेक किया जाएगा। भंडारा समिति के समर पटेल व संदीप राजपूत ने बताया कि पं नितिन मिश्रा द्वारा रुद्राभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात महाआरती संपन्न होगी। इसके बाद भंडारा प्रसादी का वितरण किया जाएगा। आयोजन में आसपास सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होंगे। समिति के सदस्य गोकुल सिंह चौहान, मोहन पटेल, हंसराज पटेल व करम पटेल ने क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रुद्राभिषेक व भंडारा प्रसादी का लाभ लें।*

### गांव-गांव में पहुंच कर दी बैंक की योजनाओं की जानकारी




*चिचोली (राष्ट्रीय जनादेश)। आम लोगों को बैंकिंग एवं वित्तीय योजनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चिचोली में एक्शन फॉर सोशल एडवांसमेंट संस्था के सीएफएल द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा चिचोली के शाखा प्रबंधक द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम वाहन को सफेद झंडी दिखाकर चिचोली से रवाना किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत नागरिकों को केवायसी, सीकेवायसी, रि-केवायसी, बचत खाता, ऋण सुविधाएं, डिजिटल बैंकिंग, बीमा योजनाएं, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना सहित अन्य सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। वीडियो वाहन के माध्यम से गांव-गांव जाकर जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें योजनाओं की विस्तृत जानकारी आमजन तक पहुंचाई गई।*

### पांच हितग्राहियों को नहीं मिले वन अधिकार पत्र

*नांदा (राष्ट्रीय जनादेश)। वन अधिकार पत्र के पांच दावेदारों की समस्या सुलझने का नाम नहीं ले रही है। उन्हें आज तक वन अधिकार पत्र नहीं मिल पाया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत पालंगा के चार एवं महतपुर जावरा के एक-एक इस प्रकार कुल 5 आदिवासियों का दावा प्रकरण विगत 15-16 वर्षों से लंबित है। जबकि इनके दावा प्रकरण में 2010-11 से पूर्ण आवश्यक अभिलेखों के साथ उपखण्ड स्तरीय वनाधिकार समिति भैंसदेही की बैठक में 30 अगस्त 2018 में संकल्प पारित कर मान्य कर लिए गए थे परंतु इन्हें आज तक वन अधिकार पत्र नहीं मिल पाए हैं। जबकि हितग्राही कई बार सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री डीडी उइके, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजातीय आयोग में भी आवेदन कर चुके हैं। प्रकरण कलेक्टर के संज्ञान में आने के बाद उन्होंने तत्कालीन सहायक आयुक्त से दावेदारों के प्रकरण की मू नस्तियां जनपद पंचायत भीमपुर कार्यालय मंगवाई थी लेकिन कार्यवाही ठण्डे बस्ते में चली गई थी। पुनः 2 जनवरी को सीईओ भीमपुर को कलेक्टर ने पत्र जारी नस्तियां मंगाई है लेकिन 1 माह 10 दिन बीतने के बाद भी कलेक्टर के पत्र का जवाब नहीं दिया गया है। 10 फरवरी को खण्ड स्तरीय जनसुनवाई में पांचों हितग्राही पहुंचने लेकिन उन्हें बैरंग लौटा दिया गया।*

# टैक्स नहीं देने वाले कालोनाईजरों पर करें कार्यवाही : कलेक्टर

- राजस्व वसूली में तेजी लाने प्रकरणों का करें शीघ्र निराकरण
- कलेक्टर ने की राजस्व की वसूली को लेकर जताया असंतोष

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी के तेवर सख्त दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि टैक्स नहीं देने वाले कालोनाईजरों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें। इसके साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि वसूली में तेजी लाने प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें। तहसील कार्यालय में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की अध्यक्षता में मंगलवार को राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने राजस्व वसूली की वर्तमान प्रगति को असंतोषजनक बताते हुए नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।**



उन्होंने प्रतिदिन राजस्व वसूली में वृद्धि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं समय पर राजस्व जमा नहीं करने वाले बकायादारों को तत्काल नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने विशेष रूप से कॉलोनाइजरों द्वारा राजस्व जमा न करने के मामलों को गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिए कि जो कॉलोनाइजर निर्धारित समय में टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं उनके खिलाफ कुर्की आदि की कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर सूर्यवंशी ने कहा कि डायवर्सन, बंटवारा और नामांतरण से जुड़े प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कर उन्हें तुरंत राजस्व पोर्टल पर दर्ज किया जाए। उन्होंने कहा कि नामांतरण, बंटवारा और डायवर्सन के लंबित मामलों में सभी पटवारी और आरआई अपने-अपने क्षेत्र के लंबित प्रकरणों की सूची बनाकर तय समयसीमा में उनका निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि किए गए कार्य की नियमित समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि राजस्व वसूली और प्रकरणों के निराकरण में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। कलेक्टर ने सभी राजस्व अमले को फील्ड में सक्रिय रहकर कार्य करने और शासन के निर्देशों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जिले में फार्मर रजिस्ट्री कार्य को आगामी सप्ताह तक शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए फार्मर रजिस्ट्री का पूर्ण एवं त्रुटिरहित होना आवश्यक है। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी संबंधित अधिकारी एवं मैदानी अमला निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करें। फार्मर रजिस्ट्री के लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण कर पोर्टल पर सही एवं पूर्ण जानकारी दर्ज की जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी पात्र कृषक का पंजीयन शेष न रहे। बैठक में एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह, तहसीलदार गोवर्धन पाठे, तहसीलदार सुश्री पूनम साहू, नायब तहसीलदार सहित पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे।

# डिजिटल साक्षरता का दिया संदेश

- सांस्कृतिक कार्यक्रमों से ग्रामीणों को किया जागरूक
- सरपंच राजू सीलू ने टीम को दिया 1101 रुपए का पुरस्कार




*आमला (राष्ट्रीय जनादेश)। डॉ. भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय आमला की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) संयुक्त इकाई द्वारा ग्राम पंचायत लादी के ग्राम खारीमाल में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। मेरा युवा भारत (डल् ठींतंज) और डिजिटल साक्षरता के लिए युवा थीम पर आधारित इस शिविर के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक किया।*

### ग्रामीणों को सिखाए स्वच्छता और नशामुक्ति के पाठ

*शिविर के अंतिम दिन एनएसएस स्वयंसेवकों ने ग्राम में रैली निकालकर स्वच्छता, नशामुक्ति, शिक्षा और स्वरोजगार का संदेश दिया। सात दिनों तक चले इस शिविर में स्वयंसेवकों ने न केवल श्रमदान किया, बल्कि विभिन्न शारीरिक गतिविधियों और खेलकूद के माध्यम से अनुशासन का परिचय भी दिया। समापन सत्र में विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसे देख ग्रामीण मंत्रमुग्ध हो गए।*

### बच्चों का बढ़ाया मनोबल

*शिविर की सफलता और बच्चों के समर्पण को देखकर ग्राम पंचायत लादी के सरपंच राजू कुमार सीलू ने पूरी एनएसएस टीम की सराहना की। उन्होंने बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए अपनी ओर से 1101 रुपए की प्रोत्साहन राशि भेंट कर टीम को पुरस्कृत किया।*

### ये रहे उपस्थित

*कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच राजू कुमार सीलू, उपसरपंच दिलवर उइके, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि हरि यादव, जनपद अध्यक्ष गणेश यादव और महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति अध्यक्ष मुक्ता ढोलेकर उपस्थित रहीं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी.आर. डोंगरे के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जगदीश पटैया, डॉ. जगदीश उइके, डॉ. मुकेश इवने, डॉ. लोकेश झरबड़े, डॉ. निधि द्विवेदी, डॉ. ज्योति दांतरे सहित महाविद्यालय का समस्त शैक्षणिक स्टाफ मौजूद था। शासकीय हाई स्कूल खारीमाल के प्राचार्य शैलेंद्र सूर्यवंशी, राजाराम नागले, स्वास्थ्य विभाग से बीएमओ डॉ. अशोक नरवरे, सीएचओ अरुणा भोपते, एएनएम संगीता दीक्षित और ग्राम पंचायत सचिव शिवराम साहू, रोजगार सहायक राजेश गाठे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।*

# श्रमिकों को मिलेगा 125 दिनों का रोजगार : गायकी

- ब्लाक स्तरीय सम्मेलन में बताई जीरामजी योजना की बारीकी



**भैंसदेही (राष्ट्रीय जनादेश)।** भारतीय जनता पार्टी विकसित भारत जी राम जी अधिनियम को समाज के अंतिम छोर तक पहुँचाने का प्रयास कर रही है, ताकि आमजन इस योजना को भली-भाँति समझ सकें और उसका लाभ ले सकें। इसी उद्देश्य से भाजपा द्वारा चिल्कापुर के धामनगांव-गुदगांव रोड स्थित शुभमंगलम मैरिज लॉन में गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन का विकासखंड स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया।

### 100 दिन की जगह 125 दिन का मिलेगा रोजगार

सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला महामंत्री कृष्णा गायकी ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि अब श्रमिकों को 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों का रोजगार मिलेगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के अवसर बढ़ेंगे तथा ग्राम की आवश्यकता अनुसार कार्य होने से किसानों और श्रमिकों दोनों को सीधा लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि वीबी जी राम जी के नए स्वरूप से कांग्रेस हताश और परेशान है। वर्ष 2009 में नरेगा का नाम बदलकर महात्मा गांधी के नाम पर केवल वोट की राजनीति की गई थी, जबकि आज यह योजना वास्तविक रूप से विकास और रोजगार का माध्यम बन रही है।

### भ्रम फैला रहा है विपक्षः चंदेल

कार्यक्रम संयोजक महेश्वर चंदेल ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी सरकार ने खादी को नई पहचान दिलाई है और देश विकसित भारत की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। विपक्ष इस प्रगति से घबराकर जनता में भ्रम फैलाने की राजनीति कर रहा है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और प्रदेश की मोहन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है। उन्होंने बूथ अध्यक्षों को निर्देश दिए कि बूथ एवं शक्ति केंद्र स्तर पर चौपाल लगाकर ग्रामीणों और किसानों को योजना की सही जानकारी दें, ताकि वे कांग्रेस के भ्रमजाल में न आएँ।

### यह थे मौजूद

इस अवसर पर मंडल प्रभारी मधु पाटणकर,भाजपा भैंसदेही नगर मंडल अध्यक्ष दिलीप घोरे, झल्लार मंडल अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा खांडे, सावलमेंढा मंडल अध्यक्ष संजू चिल्हाटे, एसआईआर विधानसभा प्रभारी क्रेशर लोखंडे, सांसद प्रतिनिधि देविदास खांडे, पूर्व मंडल महामंत्री कैलाश शिवहरे, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पवन परते, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुरजलाल जावलकर, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष सीताराम चढ़ोकार, संजय धुर्वे, ब्रह्देव कुबड़े, कृष्णराव नावंगे, विनोद कनाठे, रमेश गीद, महामंत्री दिनेश कोसे,सतीश मालवीय, मोहन धुर्वे, सुभाष गांवडे सहित बड़ी संख्या में मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बड़ा महादेव जा रहे श्रद्धालुओं ने किया ताप्ती पूजन

**सरोवर तट पर प्रतिदिन उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़**

**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)।** महाशिवरात्रि पर्व पर बड़े महादेव दर्शनार्थ जाने वाले श्रृद्धालु महाराष्ट्र से प्रतिदिन पवित्र नगरी पहुंच रहे हैं तथा मां ताप्ती का दर्शन एवं पूजन कर आगे प्रस्थान कर रहे हैं। शिवरात्रि के पूर्व प्रतिदिन ताप्ती तट पर श्रृद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है जिससे नगर का माहौल पूरी तरह शिव में नजर आ रहा है। मान्यता के अनुसार प्रति वर्ष लाखों श्रृद्धालु चौरागढ़ पर्वत पर भगवान भोले को त्रिशूल चढ़ाने जाते हैं। वरुड़, मोर्शी सहित महाराष्ट्र अंचल के श्रृद्धालु वर्षों से मुलताई से होकर गुजरते हैं जहां मां ताप्ती का पूजन कर आगे बढ़ने की मान्यता है। महाशिवरात्री पर्व के लगभग 15 दिन पूर्व से ही श्रृद्धालु त्रिशूल लेकर बड़ा महादेव जाना प्रारंभ कर देते हैं। इसलिए नगर में लगभग 15 दिनों तक शिव भक्तों की भीड़ लगी रहती है। महाराष्ट्र के भक्त त्रिशूल लेकर डफली बजा के भगवान भोले की महिमा गाते चलते हैं। इस दौरान भक्ति में लीन होकर त्रिशूल सिर पर रखकर थिरकते भी हैं। महाशिवरात्रि के पूर्व से ही नगर में भोले शंकर के जयकारे गूंजने लगते हैं। विशेष रूप से ताप्ती तट पर अधिकांश महाराष्ट्र के श्रृद्धालु रात्री विश्राम करते हैं जिससे ताप्ती तट पर जगह जगह भक्तों को भक्ति में लीन होकर जयकारे लगाते हुए देखा जा सकता है। महाशिवरात्री तक सभी भक्त चौरा गढ़ पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन करते हैं।




# कुंबी सामूहिक विवाह को लेकर बैठक में हुई चर्चा



**भैंसदेही (राष्ट्रीय जनादेश)।** क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज संगठन भैंसदेही की बैठक धामनगांव के गुलाब बाबा मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत माँ रेणुका माता और संत गुलाब बाबा के जयकारे व पूजन-अर्चन कर की गई। जिसके पश्चात कोषाध्यक्ष नितिन कुबड़े ने विगत 2025 में हुए सामुहिक विवाह सम्मेलन के आय-व्यय की जानकारी सभी के सामने रखी। इसके साथ ही इस वर्ष 2026 में सामुहिक विवाह के आयोजन को लेकर ब्लाक अध्यक्ष वासुदेव धोटे ने कहा कि इस वर्ष भी सामुहिक विवाह धूमधाम से आयोजित किया जायेगा। इस आयोजन में अधिक से अधिक जोड़ों को शामिल करने पर भी चर्चा की गई।

इसके अलावा पदाधिकारियों ने वीर शिवाजी छत्रपति महाराज जी की जन्मोत्सव कार्यक्रम को मनाने, हँसलोक के बैतूल कार्यक्रम और अन्य विषय पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक का संचालन सचिव केशर लोखंडे द्वारा किया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व ब्लाक अध्यक्ष बह्मदेव कुबडे, मनीष नावंगे, प्रमोद महाले, नामदेव कोसे, सुरेंद्र कनाठे, चंद्रभान बारस्कर, के आर खासदेव, नारायण महाले, रघुनाथ बारस्कर, घनश्याम धोटे, दशरथ बर्डे, रवि धाड़से, समपतराव चिल्हाटे, साहेबराव साकरे, रामराव लिखितकर, सुखदेव साकरे, दिनेश चिलहाटे, रमेश गीद, अशोक धोटे, डाँ इन्द्रदेव लिखितकर, कमलेश कावड़कर, सुभाष गावंडे, सी बी बारस्कर, ज्ञानराव अड़लक, गुलाबराव सेलकरी, राहुल चड़ोकार, अशोक अड़लक, अनिल गीद, जगजीवन भराडे, कमलेश धोटे, डोमा देशमुख, विनोद कनाठे, मदन धोटे, महिला संगठन ब्लाक अध्यक्ष श्रीमती पावस महाले, ग्राम इकाई अध्यक्ष शीला महाले, विमला गावंडे, बरखा सोनारे, दीपा महाले सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु मौजूद रहे।

# हर परिस्थितियों में तैयार रहे मातृशक्ति : गंगाबाई

- विश्वकर्मा जयंती महोत्सव में शामिल हुई विधायक

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** ग्राम सेंदूरझना में विश्वकर्मा बढ़ई समाज समिति चिचोली के तत्वावधान में विश्वकर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत क्षेत्र की विधायक श्रीमती गंगा सज्जनसिंह उइके द्वारा भगवान विश्वकर्मा के चरणों में नमन के साथ की गई। अपने उद्बोधन में विधायक ने मातृशक्ति और बच्चों को हर परिस्थिति में तैयार रहने, आत्मनिर्भर और सशक्त बनने की प्रेरणा दी। साथ ही उन्होंने सेंदूरझना एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्व में कराए गए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए ग्रामीण समस्याओं के निराकरण की बात कही और विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों, माता-बहनों और समस्त स्वजाति बंधुओं को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।




**दान राशि की भेंट :** कार्यक्रम को विधायक श्रीमती गंगा उइके के अलावा लक्ष्मीनारायण मालवीय, रमेशचंद्र मालवीय, श्रीराम महाराज, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वर्षा मालवीय, अमन कुशवाह, उमेश पेठे सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। आयोजन में समाज के गणमान्य नागरिक, बुजुर्ग, माताएं और बहनें बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। विश्वकर्मा जयंती समारोह के दौरान मंथन ग्रुप के योगेश मालवीय द्वारा अपने दादा स्व. परसराम मालवीय एवं दादी स्व. श्रीमती नरबदी बाई मालवीय की स्मृति में पनती, नाती और पुत्र वेद मालवीय, पिता योगेश मालवीय एवं पिता घनश्याम मालवीय, बैतूल के माध्यम से 11 हजार रुपये की राशि भेंट की गई। इसके साथ ही मंथन ग्रुप द्वारा 1100 रुपये की अतिरिक्त राशि भी प्रदान की गई, जिस पर विश्वकर्मा बढ़ई समाज समिति चिचोली ने आभार व्यक्त किया।

**यह थे मौजूद :** कार्यक्रम में मलाजपुर से श्री महंत बाबा, घोड़ाडोंगरी विधायक श्रीमती गंगा सज्जनसिंह उइके, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती वर्षा मालवीय, उपाध्यक्ष श्रीमती वर्षा आंवलेकर, मंडल अध्यक्ष अमन आंवलेकर, नगर मंडल महामंत्री अमन कुशवाह, पूर्व मंडल अध्यक्ष उमेश पेठे, किसान मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष अलकेश राठौर, वरिष्ठ भाजपा नेता शांतिवन गोस्वामी, दुर्गेश मालवी, भाजपा जिला मंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा भूपेंद्र कहार, जतिन आर्य, मनीष सोनी, गोलू देशमुख, समाज अध्यक्ष रमेशचंद्र मालवीय, बैतूल से पधारे संरक्षक लक्ष्मीनारायण मालवीय, संरक्षक गोपाल मालवीय, ओमप्रकाश मालवीय, नरेंद्र मालवीय, घनश्याम मालवीय, सेंदूरझना के ओम पटेल, हरन्या से श्रीराम महाराज सहित जिले और ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में स्वजाति बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन में ग्राम सेंदूरझना के स्वजाति बंधुओं एवं ग्रामवासियों का पूर्ण सहयोग रहा, जिसके लिए विश्वकर्मा बढ़ई समाज समिति चिचोली ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का सफल संचालन विजय कुमार मालवीय द्वारा किया गया, जबकि अंत में युवा मंच अध्यक्ष अजय मालवीय ने आभार व्यक्त किया।

# भतीजे ने धोखे से हथिया ली चाचा की जमीन

**भैंसदेही (राष्ट्रीय जनादेश)। भतीजे ने अपने ही चाचा की जमीन धोखे से स्वयं के नाम कर ली है। इस बात का खुलासा उस समय हुआ जब किसान ने जमीन की नकल निकलवाई। चाचा ने पूरे मामले की शिकायत पुलिस से कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।**

### धोखाधड़ी का लगाया आरोप

जानकारी के अनुसार टप्पा तहसील झल्लार के गांव में एक 63 वर्षीय वृद्ध किसान मधुलाल राठौर ने अपने रिश्तेदार 21 वर्षीय हर्षित राठौर के खिलाफ धोखाधड़ी का गंभीर आरोप लगाया है। मधुलाल ने बताया कि उनकी पुश्तैनी कृषि भूमि का पट्टा बनाने के बहाने हर्षित ने उनकी जमीन अपने नाम रजिस्ट्री करा ली। पुलिस अधीक्षक बैतूल को सौंपी गई शिकायत में मधुलाल ने जान से मारने की धमकी और जान-माल के खतरे का भी जिक्र किया है। मधुलाल राठौर (63) पिता पिरमा राठौर, निवासी झल्लार ने शिकायत में कहा कि उनके नाम दर्ज कृषि भूमि खसरा नंबर 22/8 (रकबा 0.932 हेक्टेयर) और 22/1 (रकबा 2.791 हेक्टेयर), मौजा आमला (रा.नि.नं. झल्लार), तहसील भैसदेही में स्थित है। यह पुश्तैनी संपत्ति है, जो उनकी जीविका का एकमात्र साधन है।



### अशिक्षित होने का उठाया फायदा

हर्षित पिता राजू राठौर (21) भी इसी गांव का निवासी है और दोनों रिश्तेदार हैं। मधुलाल ने आरोप लगाया कि पढ़ना-लिखना न आने के कारण उन्होंने हर्षित को पट्टा बनाने के लिए दस्तावेज सौंपे थे। लेकिन हर्षित ने चुपके से रजिस्ट्री अपने नाम करा ली। यह धोखा 4 फरवरी 2026 को तब खुला, जब मधुलाल के दामाद ने खेत की नकल निकलवाई। पूछताछ पर हर्षित ने गुमराह किया। मधुलाल के दो बेटियां हैं, एक की शादी हो चुकी है, दूसरी घर पर है, और कोई पुत्र नहीं होने का फायदा उठाकर हर्षित ने यह कदम उठाया।

# कोरकू समाज की हुई महा पूजा, अब शुरू होंगे शुभ कार्य

## ▪ विधायक खंडेलवाल और चौहान देंगे सांस्कृतिक भवन के लिए 20-20 लाख

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। आदिवासी कोरकू समाज वेश भूषा एवं संस्कृति की झलक बैतूल में नजर आई। बैतूल मुठवा धाम में मुठवा देव जी का पूजन अर्चना किया गया। उसके पश्चात पारंपरिक रीति अनुसार जाग काटा गया। समाज के सभी वरिष्ठजनों, माताओं, बहनों तथा युवाओं ने मुठवा देव की परिक्रमा की और पारंपरिक गडली चित्कुरा लोकनृत्य करते हुए शिवाजी आडिटोरियम पहुंचे।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल, विशेष अतिथि विधायक भैंसदेही महेंद्र सिंह चौहान, पूर्व विधायक मेलघाट प्रभुदास भिलावेकर थे। अध्यक्षता पीआईयू के कार्यपालन यंत्री झामसिंह बारस्कर ने की। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सूरजलाल जावरकर सहित समाज के जनप्रतिनिधि, कलाकार, सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।



कोरकू आदिवासी समाज का पारंपरिक महा महोत्सव महापूजा का विधि-विधान एवं परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ मुठवा देव एवं क्रांतिकारियों के छायाचित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया।

### स्थाई भवन की जताई आवश्यकता

कार्यक्रम में संबोधन के दौरान दोनों जनप्रतिनिधियों ने समाज के लिए स्थाई भवन की आवश्यकता बताते हुए जमीन देखने की बात कही। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं विधायक भैंसदेही महेंद्र सिंह चौहान द्वारा कोरकू समाज के लिए सांस्कृतिक भवन निर्माण हेतु 20-20 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की गई। इसके लिए जिले के पूरे कोरकू समाज ने श्री खंडेलवाल एवं श्री चौहान का आभार माना।

### महापूजा के बाद होते शुभ कार्य

आयोजन में जिले सहित अन्य जिलों से समाजजन, भुमका, जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। महा पूजा का विशेष धार्मिक और सामाजिक महत्व है। समाज में किसी भी शुभ कार्य, विवाह एवं संस्कारों की शुरुआत महा पूजा के पश्चात ही की जाती है। आयोजन समिति ने सभी का आभार माना है।

# सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर हुई कार्यशाला

## ▪ साइबर सुरक्षा एवं नागरिकों को किया जागरूक



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के निर्देशन में सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर स्मार्ट तकनीक, सुरक्षित विकल्प, एआई के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग थीम के अंतर्गत जिला सूचना विज्ञान केंद्र, बैतूल द्वारा साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में मंगलवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जे.एच. कॉलेज बैतूल, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बैतूल एवं कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, बैतूल में संपन्न हुआ। गत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यशाला में जिला कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट सहित समस्त जिला अधिकारी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जे.एच. कॉलेज बैतूल, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बैतूल में 10 फरवरी को आयोजित व्याख्यान मे बडी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### सुरक्षित उपयोग के लिए किया प्रेरित

कार्यशाला के दौरान जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्रीमती रचना श्रीवास्तव द्वारा इंटरनेट, मोबाइल एवं विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने साइबर अपराधों से बचाव, मजबूत पासवर्ड, ओटीपी की गोपनीयता, फिशिंग और फर्जी लिंक से सतर्क रहने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही जिला सूचना विज्ञान केंद्र के अधिकारियों ने साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा डिजिटल दुनिया में सावधानी बरतने के आवश्यक उपायों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। कार्यशाला का उद्देश्य नागरिकों एवं विद्यार्थियों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा डिजिटल तकनीक के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग को प्रोत्साहित करना रहा।

# राष्ट्रीय हिन्दू सेना की युवा टीम घोषित

## ▪ बैतूल के पांच वार्डों में किया संगठनात्मक विस्तार

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** राष्ट्रीय हिंदू सेना ने बैतूल नगर में संगठनात्मक विस्तार करते हुए नगर और वार्ड स्तर के दायित्वों की घोषणा की। इस दौरान दर्जनों युवाओं ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की और बैतूल नगर के 5 वार्डों में संगठन का विस्तार किया गया। राष्ट्रीय हिंदू सेना की नगर बैठक संगठन कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय, प्रदेश संयोजक पवन मालवीय, प्रांत सह संगठन मंत्री शुभम इंगले, जिला संयोजक लतेंद्र यादव, वरिष्ठ सहयोगी गोलू उघड़े और प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र चौरसिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन का विस्तार करते हुए दर्जन भर युवा साथियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय द्वारा जिला अध्यक्ष अनुज राठौर की सहमति से नगर और वार्ड स्तर की घोषणाएं की गईं।

### नगर और वार्ड स्तर पर हुईं नियुक्तियां

घोषणाओं में दीपू उइके को नगर युवा अध्यक्ष, लोकेश धुर्वे को नगर युवा संयोजक, करण उइके को नगर युवा महामंत्री, ललित धुर्वे को वार्ड अध्यक्ष, विक्रम धुर्वे को वार्ड महामंत्री, अतुल आहके को नगर युवा गौ रक्षा प्रमुख, अविनाश उइके को वार्ड सचिव, अजय पारखे को नगर युवा मठ मंदिर प्रमुख, विरेंद्र पारखे को वार्ड सह संयोजक, अजय धुर्वे को वार्ड समन्वयक प्रमुख, कुनाल उइके को वार्ड महामंत्री और विशाल अतुलकर को सह गौ रक्षा प्रमुख नियुक्त किया गया। बैठक में संगठन के सदस्य सत्यम विश्वकर्मा, श्रीराम यादव और अभय चौहान भी उपस्थित रहे।

### हिंदू युवाओं को संगठित करने किया प्रेरित

वरिष्ठ सहयोगी गोलू उघड़े ने कहा कि राष्ट्रीय हिंदू सेना का उद्देश्य हिंदू युवाओं को संगठित,



सशक्त और हिंदू धर्म की विचारधाराओं से जोड़ना है, ताकि युवा समाज में जनजागृति स्थापित कर सकें। जिला संयोजक लतेंद्र यादव ने बताया कि संगठन का लक्ष्य गौ सेवा और गौ रक्षा, धर्म परिवर्तन से बचाव, हिंदू बहनों को लव जिहाद से बचाना, रक्तदान के लिए युवाओं को प्रेरित करना, सामाजिक कार्यों में सहभागिता, मठ मंदिरों में भजन कीर्तन, धार्मिक आयोजनों में भागीदारी, गौ शालाओं का निर्माण, घायल गायों व गोवंश का निशुल्क इलाज और देखभाल, हिंदू त्योहारों को बढ़ावा देना तथा महापुरुषों की जयंती और पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित करना है।

## विनोद कुमार कैथवार बने जिला प्रमुख सचिव

***बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह की अनुशंसा तथा जिला अध्यक्ष बैतूल सतीश बौरासी के मार्गदर्शन में संगठन में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। संगठन विस्तार के तहत विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपते हुए जिला प्रमुख सचिव के रूप में विनोद कुमार कैथवार, जिला प्रभारी के रूप में संजय अग्रवाल, जिला प्रतिनिधि के रूप में हेमंत रघुवंशी, जय कुमार शिंदे जिला वरिष्ठ संयोजक के रूप में, रविंद्र धोटे जिला कोषाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। महिला प्रकोष्ठ में जिला अध्यक्ष महिला के रूप में श्रीमती दीपिका बौरासी तथा जिला उपाध्यक्ष के रूप में श्रीमती सारिका झरबडे को दायित्व सौंपा गया है। वहीं तहसील स्तर पर घोड़ाडोंगरी के तहसील अध्यक्ष के रूप में राजेश वागद्रे एवं मुलताई के तहसील अध्यक्ष के रूप में दीपक बड़घरे को नियुक्त किया गया है। बैतूल तहसील अध्यक्ष के रूप में महेश बर्डे को नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त समस्त पदाधिकारियों ने संगठन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करने का आश्वासन देते हुए कहा कि संगठन को ऊंचाइयों तक पहुंचाना उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि समाज के निम्न एवं गरीब वर्ग के व्यक्तियों का विकास, प्रत्येक व्यक्ति को न्याय दिलाना और मानव अधिकारों की रक्षा करना ही संगठन का मुख्य उद्देश्य रहेगा।*

# विद्यार्थियों ने सीखा केंचुआ खाद बनाना

## ▪ वर्मी कम्पोस्टिंग पर हुई दो दिवसीय कार्यशाला



***भैंसदेही (राष्ट्रीय जनादेश)।** वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री गंजन सिंह कोरकू शासकीय महाविद्यालय भैंसदेही के प्राणी शास्त्र विभाग द्वारा वर्मी कंपोस्टिंग विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन त्रिवेणी गौशाला ग्राम झगड़िया बैतूल की वर्मी कंपोस्टिंग निर्माण इकाई के माध्यम से किया गया। कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान बैतूल के जैविक खेती एवं डेरी प्रबंधन विशेषज्ञ तथा त्रिवेणी गौशाला के संचालक श्री मनोज वर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को जैविक खेती के महत्व, आवश्यकता एवं उसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।*

### विद्यार्थियों को बताए जैविक खेती के लाभ

*साथ ही जैविक खेती करने की विभिन्न विधियों, जैविक खाद एवं जैविक कीटनाशक तैयार करने के प्रभावी तरीकों पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को वर्मी कंपोस्ट खाद एवं जीवामृत बनाने की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग दी गई, जिससे उन्हें व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। इस प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों में जैविक खेती के प्रति जागरूकता बढ़ी और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हुआ। कार्यशाला में प्राणी शास्त्र विभाग से कालूराम कुशवाह, रविंद्र सिंह शाक्यवार, अरूण डावेल, राजनीति विज्ञान विभाग से डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अंत में आयोजकों द्वारा सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में ऐसे उपयोगी कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया गया।*

# वीबी जी राम जी में श्रमिकों को मिलेगा 125 दिनों का रोजगार

## ▪ वीबी जी राम जी का विकासखंड स्तरीय सम्मेलन आयोजित



***भीमपुर (राष्ट्रीय जनादेश)।** बीवीजी राम जी को लेकर मंगलवार को मंगल भवन भीमपुर में विकासखंड स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में जिला भाजपा अध्यक्ष सुधाकर पवारने वीबी जी राम जी की योजना के संदर्भ में कार्यकर्ताओं को विस्तार से जानकारी दी। सुधाकर पवार, ने बताया कि श्रमिकों को 100 दिन की जगह 125 दिनों का रोजगार मिलेगा। आजीविका में वृद्धि होगी, गाँव के हिसाब से काम होने से किसान और श्रमिकों दोनों को रोजगार का लाभ मिलेगा। वीबी जी राम जी की के नये स्वरूप से कांग्रेस परेशान और हताश हैं। 2009 में नरेगा का नाम बदलकर महात्मा गॉधी के नाम पर वोट की राजनीति करना चाहती है।*

### भ्रम फैला रही कांग्रेस

*विकसित भारत की ओर बढते कदम से विपक्ष परेशान है। कांग्रेस का भ्रम फैला कर झूठी राजनीति कर रही है। केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार, प्रदेश की मोहन सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से सभी को लाभ मिल रहा है। सुधाकर पवार, ने बताया कि वीबी जी राम जी से क्षेत्र की तस्वीर बदल जाएगी। इस अवसर पर दामजीपुरा मंडल प्रभारी नितिन सिंह गौतम जनपद अध्यक्ष भैयालाल इरपाचे मण्डल अध्यक्ष अनिल उइके, रतनपुर मण्डल अध्यक्ष कृष्णा यादव जिला विकास प्रतिनिधि अशोक सिंह गौतम, दिलीप आर्य पूर्व सोशयटी अध्यक्ष. महामंत्री निरंजन उपसे, हरिशंकर धुर्वे प्रशांत शुक्ला, श्यामजी यादव गणेश कश्यप सुनीता उइके, शिवराज सिंह, मनोहारी परते पंकज राजपूत, युवा मोर्चा अध्यक्ष विजल बैस सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।*

# महाशिवरात्रि पर खारी में लगेगा चार दिवसीय मेला

## ▪ रामसत्ता और पट प्रतियोगिता रहेगी आकर्षण का केंद्र

**शाहपुर (राष्ट्रीय जनादेश)।** महा-शिवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम खारी फांसीबड स्थित महाकाल चौक, फोरलेन नेशनल हाईवे 46 पर तृतीय वर्ष महाशिवरात्रि मेला 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह चार दिवसीय मेला 15 फरवरी 2026 (रविवार) से 18 फरवरी 2026 (बुधवार) तक आयोजित होगा। मेला समिति के रेवाराम उईके, श्रीकांत गुप्ता, सुकनलाल धुर्वे, दिलीप गुप्ता, कमलकिशोर कुमरे, मनोज राठौर, मानसिंग कड़ोपे, विनोद यादव, कोमल राहौर (खारी), मोहनदास गुप्ता, राजेंद्र कवड़े, राकेश कुमरे, संजू आहके, शेखर कुमरे द्वारा दी गई।

### विभिन्न होंगी प्रतियोगिताएं

जानकारी के अनुसार, इस वर्ष मेले में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ विशाल भंडारे की भी व्यवस्था की गई है। श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर प्रसादी ग्रहण करेंगे। मेले का प्रमुख आकर्षण रामसत्ता और पट प्रतियोगिता रहेगी, जिसमें विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। रामसत्ता प्रतियोगिता 16 फरवरी दिन सोमवार से प्रारंभ होगी जो 17 फरवरी मंगलवार तक चलेगी। इस प्रतियोगिता में ग्यारह भजन मंडलों की आमंत्रित किया गया है। रामसत्ता प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 51 हजार रुपए नगद, द्वितीय 41 हजार, तृतीय 31 हजार, चतुर्थ 21 हजार, पंचम 15 हजार नगर राशि सहित ग्यारह क्रम में पुरस्कार रखे गए है। वही मेले में 16 फरवरी सोमवार से 18 फरवरी बुधवार तक बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता आयोजित होगी।सामान्य पट में प्रथम पुरस्कार 7 हजार रुपये तथा द्वितीय पुरस्कार 6 हजार रूपये सहित 15 पुरस्कार निर्धारित है। इसी प्रकार क्षेत्रीय पट में भी प्रथम पुरस्कार 7 हजार रुपये रखा गया है द्वितीय 6 हजार रूपये लकी पुरस्कार सहित 21 पुरस्कार रखे गए हैं। मेले में 17 फरवरी को कबड्डी प्रतियोगिता शाम 6 बजे से प्रारंभ होगी। जिसमें प्रथम पुरस्कार 7 हजार द्वितीय 5 हजार, तृतीय 4 हजार सहित सात क्रम में पुरस्कार रखे गए हैं। बाबा भोलेनाथ के मेले में पूरा वातावरण शिव भक्तिमय होगा। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मेले को सफल बनाने की अपील की है। मेले एवं विशाल भंडारे के सफल संचालन हेतु पुजारीगण एवं मेला समिति के सदस्य सक्रिय रूप से तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# एनएसएस शिविर में लगाए लक्ष्मीतरू के पौधे

## ▪ 7 दिवसीय शिविर में की जा रही है गतिविधियां

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। जेएच स्नातकोत्तर शासकीय महाविद्यालय बैतूल की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) छात्र इकाई द्वारा ग्राम सिमोरी में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत विविध रचनात्मक एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। दिनभर चले कार्यक्रमों में योग, पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल जागरूकता और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों और स्वयंसेवकों को सामाजिक सरोकारों से जोड़ा गया। प्रात :कालीन सत्र में आर्ट ऑफ लिविंग की प्रशिक्षिका कल्पना शाह ने स्वयंसेवकों को योग, प्राणायाम तथा सकारात्मक जीवन-दृष्टि पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा, योग शरीर को स्वस्थ रखने के साथ ही मन को संयमित और व्यक्तित्व को संतुलित बनाने का प्रभावी उपाय है। सत्र में स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।**

### 51 लक्ष्मी तरु पौधों का किया रोपण

संजय निकुंज शासकीय नर्सरी से आए नागेंद्र शरणकर ने शिविर को 51 लक्ष्मी तरु के पौधे



प्रदान किए। स्वयंसेवकों ने इन पौधों को ग्राम सिमोरी के विभिन्न स्थानों पर रोपित किया। इस अवसर पर श्री नागेंद्र शरणकर ने कहा, एक-एक पौधा भविष्य की हरियाली और पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प है। यदि विद्यार्थी आज पौधारोपण की आदत अपनाते हैं तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण मिलेगा।

बौद्धिक सत्र में डॉ. भोलू मर्सकोले एवं प्रो. टेप सिंह मरावी ने डिजिटल जागरूकता विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव तथा सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के उपायों पर स्वयंसेवकों को जागरूक किया और डिजिटल माध्यमों के जिम्मेदार उपयोग पर बल दिया।

### स्मृति-चिन्ह देकर किया सम्मानित

सायंकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. धर्मेंद्र कुमार, प्रो. ओ पी. खत्री एवं प्रो. राहुल ठाकुर की उपस्थिति में प्रारंभ हुए। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त सेवानिवृत्त प्राचार्य बाबूराव पवार, इंदिरा गांधी पुरस्कार प्राप्तकर्ता अबरार कुरैशी, प्रो. संतोष पवार, राम नारायण शुक्ला, प्रवीण परिहार, दीपाली पाण्डे सहित वरिष्ठ स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। जिला संगठक डॉ. जी पी साहू एवं कॉमर्स विभाग के प्रो. राजेश शेषकर की उपस्थिति में दलनायक, उप दलनायक, बेस्ट कैंपर तथा विभिन्न समितियों को स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। ग्रामवासियों की सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम सफल रहा और रात्रि 10 बजे कैंप-फायर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शंकर सतनकर ने कहा, राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज में जनजागरूकता फैलाना, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है। विद्यार्थी जब गांव के साथ जुड़ते हैं, तभी शिक्षा का वास्तविक महत्व सिद्ध होता है।